बैंक ऑफ़ बड़ौदा
Bank of Baroda
विजया VIJAYA | देना DENA

# बैंक के डिजिटल उत्पादों में हिंदी एवं अन्य भारतीय भाषाएं

bob World
बॉब वर्ल्ड

बड़ौदा जेम्स Baroda Gems
Growth & Empowerment Management System
बड़ौदा जेम्स

बीसी पोर्टल
BC Portal
बीसी पोर्टल



एचआर कनेक्ट



व्हाट्सऐप बैंकिंग

bob अभिव्यक्ति
बॉब अभिव्यक्ति


पासबुक प्रिंटिंग



ट्रांजेक्शनल एसएमएस



शब्दनाद


चैटबॉट

bob World Internet
बॉब वर्ल्ड इंटरनेट

बॉब अभिव्यक्ति एक झलक



महाराजा सयाजीराव गायकवाड़ III

“प्रगति केवल शिक्षा के प्रसार
से ही प्राप्त की जा सकती है।
कुछ भी प्राप्त करने के लिए
सहयोग आवश्यक होता है और
यह सहयोग प्रदान करने की
तैयारी लोगों में तब तक
नहीं होगी, जब तक वे
शिक्षित नहीं होंगे”

*****

# बैंक की पत्र-पत्रिकाओं/न्यूज़लेटरों हेतु विकसित ऐप - बॉब अभिव्यक्ति

पिछले दशक में एक बड़ा वर्ग पत्र-पत्रिकाएँ पढ़ने में दिलचस्पी रखता था और सभी पत्रिकाओं का एक स्थायी पाठक वर्ग हुआ करता था। समय बदला और बदलते समय के साथ बदला पत्रिकाओं को पढ़ने का अंदाज़ भी। आजकल ऑनलाइन ब्लॉग्स हों या फिर किंडल, अमेज़न जैसे मोबाइल एप, मोबाइल की छोटी स्क्रीन पर ही अब सब कुछ पढ़ा जा रहा है। पढ़ने के लिए अब पत्रिकाओं की हार्ड प्रति साथ ले जाने का चलन पुराना पड़ गया है। अब पाठकों को भी मोबाइल की टच-स्क्रीन के साथ स्क्रॉल करते हुए किताब पढ़ने की आदत हो गई है।

इसी को दृष्टिगत रखते हुए बैंक ने अपनी गृह पत्रिका ‘बॉबमैत्री’ एवं हिन्दी पत्रिका ‘अक्षय्यम्’ सहित सभी कॉर्पोरेट पत्रिकाओं/न्यूज़लेटरों को एक ही प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध करवाने के उद्देश्य से मई 2022 में बॉब अभिव्यक्ति ऐप का शुभारंभ किया।

डिजिटाइजेशन एवं हरित पहल के अंतर्गत तैयार किए गए इस ऐप को सभी सेवारत/ पूर्व स्टाफ सदस्यों के लिए तैयार किया गया है। इस ऐप पर कॉर्पोरेट स्तर से प्रकाशित सभी पत्रिकाएं, न्यूजलेटर आदि उपलब्ध कराए जाते हैं और इनके अंकों को नियमित रूप से अद्यतन किया जाता है। उपयोग में आसान इस ऐप में उपयोगकर्ता उपलब्ध आलेखों/ रचनाओं को पढ़ने के साथ-साथ उनकी रेटिंग भी कर सकता है। स्टाफ सदस्यों द्वारा अपने चुने हुए समय पर और अपनी सुविधानुसार कभी भी, किसी भी समय पत्रिकाओं को पढ़ने की सुविधा ने इस ऐप को ख़ास बना दिया है।


## स्मार्टफोन / टैब पर ऐप इन्स्टाल करने का तरीका :


- बॉब अभिव्यक्ति ऐप को एंड्रॉइड और आईओएस दोनों प्रकार के स्मार्टफोन पर निम्नलिखित लिंक / क्यूआर कोड के माध्यम से मोबाइल / टैब पर इन्स्टाल किया जा सकता है:

**लिंक :** https://emag.bankofbaroda.in


**क्यूआर कोड :**


- उपरोक्त लिंक पर क्लिक करें या क्यूआर कोड स्कैन करें और apk फ़ाइल डाउनलोड करें





- इन्स्टाल पर क्लिक कर ऐप को निम्नानुसार इन्स्टाल कर लें :









- यूजर को पिन बनाकर और / या डिवाइस के प्रमाणीकरण (फिंगरप्रिंट / फेस आईडी / पैटर्न / पिन) द्वारा लॉगिन करना होगा। लॉगिन की प्रक्रिया बैंक के साथ पंजीकृत मोबाइल नंबर पर प्राप्त ओटीपी के माध्यम से प्रमाणीकरण पर आधारित होगी।




बैंक ऑफ़ बड़ौदा
Bank of Baroda

- बैंक के विभिन्न विभागों द्वारा प्रकाशित पत्रिकाओं / न्यूज़लेटर का इलेक्ट्रोनिक वर्जन (पीडीएफ़) ऐप में उपलब्ध होगा। उपयोगकर्ता अपनी सुविधानुसार आलेखों / रचनाओं को ब्राउज़ करने और पढ़ने में सक्षम होंगे।












उपयोगकर्ता ऐप में उपलब्ध आलेखों / रचनाओं को रेट कर सकेंगे और उन पर टिप्पणी कर सकते हैं।











**लाइक** **रेटिंग** **कमेंट**


- ऐप में शीर्षक / विषय के आधार पर आलेखों / रचनाओं को खोजने की सुविधा भी उपलब्ध है। उपयोगकर्ता को सिर्फ शीर्षक या विषय से संबंधित शब्द टाइप करना है और ऐप ले जाएगा उसे सीधे उस आलेख / रचना पर जिसे वो पढ़ना चाहता है।







# ऐप पर अपलोड की गई बैंक की विभिन्न पत्रिकाएं तथा विभागों द्वारा प्रकाशित न्यूज़लेटर







# बॉब अभिव्यक्ति ऐप में श्रेष्ठ कविता, कहानी, संस्मरण, आलेख एवं सफलता की कहानी आदि का ऑडियो संकलन

**बॉबमैत्री का ऑडियो वर्जन**

बॉब अभिव्यक्ति ऐप को और लोकप्रिय और रोचक बनाने के उदेश्य से "**BOB- Best of Bobmaitri Audio Book**" की शुरुआत की गई है।

इस पहल के तहत बैंक की गृह पत्रिका बॉबमैत्री एवं हिंदी पत्रिका अक्षय्यम् में प्रकाशित चुनिंदा कविता, कहानी, संस्मरण, आलेख आदि में से चयनित श्रेष्ठ रचनाओं का ऑडियो वर्जन तैयार कर पाठकों के लिए ऐप पर अपलोड किया जा चुका है।

चयनित रचनाओं के ऑडियो वर्जन पाठकों को लुभा रहें हैं और इस पर काफी अच्छी प्रतिक्रियाएं मिल रही हैं, इसे देखते हुए पत्रिकाओं के नवीनतम अंकों में से भी कई रचनाओं का ऑडियो वर्जन तैयार किए जाने पर काम चल रहा है।












- ऐप पर ताज़ातरीन अंकों को अलग से देखने का विकल्प भी मौजूद है। पत्रिकाओं एवं न्यूज़लेटरों के नवीनतम अंकों को देखने के लिए उपयोगकर्ता द्वारा Latest फीचर का इस्तेमाल किया जा सकता है।




- यदि आपको किसी पत्रिका के आलेख को बाद में पढ़ना चाहते हैं या इसे संरक्षित करना चाहते हैं तो Saved फीचर के साथ आप कभी भी एक क्लिक पर आपके द्वारा डाउनलोड किए गए आलेखों को देख सकते हैं।

*****

“हृदय की कोई भाषा नहीं है, हृदय-हृदय से बातचीत करता है और हिंदी हृदय की भाषा है।”
- महात्मा गांधी

*****

“हिंदी हमारे देश और भाषा की प्रभावशाली विरासत है।” - माखनलाल चतुर्वेदी

*****

“कैसे निज सोए भाग को कोई सकता है जगा,
निज भाषा-अनुराग का अगर अंकुर नहीं उर में उगा।” - हरिऔध

*****

“जिस देश को अपनी भाषा और साहित्य के गौरव का अनुभव नहीं है, वह उन्नत नहीं हो सकता”
- डॉ. राजेन्द्र प्रसाद

आज़ादी का अमृत महोत्सव

bob World

बैंक ऑफ़ बड़ौदा
Bank of Baroda
विजया VIJAYA
देना DENA

# हमारे साथ व्हाट्सएप पर जुड़ें!

## विभिन्न बैंकिंग सेवाओं के आसान उपयोग के लिए हमसे चैट करें.

- शेषराशि की पूछताछ
- लघु विवरणी
- चेकबुक अनुरोध
- चेक की स्थिति
- डेबिट कार्ड ब्लॉक करना
- ऑफर्स एवं अन्य आकर्षण



सेवा प्रारंभ
करने के लिए
अपने पंजीकृत मोबाइल नं से
'Hi' लिखकर
**84 33 888 777**
पर भेजें

जुड़ने के लिए स्कैन करें

*नियम व शर्तें लागू

टोल फ्री नंबर पर कॉल करें (24x7): 1800 5700 | www.bankofbaroda.in | हमें फॉलो करें